भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2380
गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत कुशीनगर को शामिल किया जाना

2380 श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंहः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुशीनगर को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत एक पर्यटन गंतव्य के रूप में शामिल किया गया है;

(ख) उक्त स्थल के समग्र विकास हेतु तैयार किए गए पर्यटन गंतव्य मास्टर प्लान का ब्यौरा क्या है;

(ग) वहाँ सतत एवं जवाबदेह पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) स्थानीय समुदाय तथा पर्यटन उद्योग के साथ आयोजित हितधारक परामर्शों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) प्रस्तावित परियोजनाओं की संस्वीकृति एवं कार्य-निष्पादन के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): बौद्ध गंतव्यों सहित विभिन्न गंतव्यों पर पर्यटन का विकास और संवर्धन तथा गंतव्य संबंधी मास्टर प्लान तैयार करने का कार्य मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास-सीबीडीडी'- (स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना) सहित अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनसे योजना दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधि की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन देश में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता एवं आर्थिक स्थिरता और

हितधारक के परामर्शो सहित स्थिरता के विभिन्न पहलू एसडी 2.0 योजना के विचारों में अंतर्निहित हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 योजना के तहत कुशीनगर में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है, लेकिन पर्यटन मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में वर्ष 2016-17 में बौद्ध परिपथ थीम के तहत 87.89 करोड़ रुपये की एक परियोजना 'श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास' को मंजूरी दी गई, जिसके भौतिक रूप से पूर्ण होने की सूचना है। पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी 2.0 योजना के तहत 2 परियोजनाएं और सीबीडीडी पहल के तहत 1 परियोजना को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध में** दिया गया है। इन परियोजनाओं का निष्पादन संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और ये कार्यान्वयन के चरण में हैं।

****

अनुबंध

श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंह द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत कुशीनगर को शामिल किए जाने के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2380 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 और सीबीडीडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की विवरण:

(करोड़ रु. में)

योजना	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
एसडी 2.0	वैदिक वेलनेस एक्सपीरियंस -, नैमिषारण्य	2023-24	17.80
	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	2023-24	14.52
सीबीडीडी	महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास	2024-25	24.98

*****